Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of railway line between Faltan and Pandharpur in Maharashtra -laid.

श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर (माधा): पंढरपुर महाराष्ट्र का एक विश्व विख्यात तीर्थस्थान है । पूरे देश तथा मुख्यतः महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, तेलंगाना तथा आन्ध्र प्रदेश राज्यों से लाखों श्रद्धालु यहां पूरे साल आते रहते हैं । फलटण से पंढरपुर तक नई रेल लाईन के निर्माण से जहां पूरे देश से पंढरपुर जाने वाले यात्रियों को बहुत अधिक सहूलियत हो जाएगी वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र का आर्थिक विकास होने के साथ ही साथ यहां के युवा बेरोजगारों को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे । उल्लेखनीय है कि फलटण से पंढरपुर तक नई रेल लाईन बिछाए जाने का प्रस्ताव लगभग 100 साल पुराना है । इस लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य भी बहुत पहले पूरा हो चुका है । पंढरपुर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व मुख्य मंत्री द्वारा वर्ष 2017-18 में 1400 करोड़ रूपयों की लागत से फलटण से पंढरपुर नई रेलवे लाईन (108 किमी) के निर्माण हेतु स्वीकृत प्रदान की गई थी । अत: निवेदन है कि फलटण से पंढरपुर रेलवे लाइन पर निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू करवाने तथा उसके समयबद्ध ढंग से पूरा किए जाने हेतु लाईन के निर्माण हेतु आवश्यक वित्तीय प्रावधान इस बजट वर्ष २०२२-२३ में करवाने की कृपा करें ।